جہاں تک گرین ریوولیوشن (سبز انقلاب) کا تعلق ہے اس میں شبہ نہیں ہے کہ ملک نے اناج کی پیداوار میں بہت ترقی کی ہے۔ لیکن میں دیکھتا ہوں اور میں نے کئی دوستوں کو بھی یہ کہتے سنا ہے کہ جس مقصد سے بنکوں کا نیشنلائیزیشن کیا گیا تھا وہ مقصد فوت ہو چکا ہے۔ چھوٹے کسانوں کو نیشنلائیزڈ بنکوں سے بہت پریشانیاں ہوتی ہیں۔ بنکوں کے ہیڈ کوارٹرز چالیس چالیس، پچاس پچاس میل دور ہوتے ہیں۔ ان لوگوں کو وہاں کے

ملک میں ہاہاکار مچ رہا ہے۔ بہار میں، گجرات میں، آندھر میں، آسام میں اور راجستھان میں ان سبھی پردیشوں میں ایک ہنگامہ مچا ہوا ہے۔ لیکن آپ دیکھیں گے کہ اسکے لئے پرمانینٹ فیچر کیا آپ نے کیا ہے؟ پچیس سال ہماری آزادی کے ہوگئے ہیں۔ اننے سالوں میں ہم نے کیا کیا؟ میری سمجھ میں جس طرح سے فلڈ کنٹرول بورڈ ایک آپ نے پرمانینٹ بنایا اس طرح سے ایک پرمانینٹ ڈراوٹ کنٹرول بورڈ بنائیں جس کی یہ ڈیوٹی ہو کہ جہاں بھی ویدر فورکاسٹ آتا ہے وہاں وہ امیڈیٹلی جا کر دیکھے کہ کیا ضرورت ہے اس حلقے کی۔ فوراً وہ ٹیم وہاں جا کر اس علاقے کی حالت کو سٹڈی (مطالبعہ) کرے اور پانی کی ضرورت ہو تو پانی پہنچائے، پائپ لائن کی ضرورت ہو تو پائپ لائنیں پہنچائے۔ غلے کی ضرورت ہو تو غلہ پہنچادیں۔ لیکن یہ ایک پرمانینٹ فیچر ہونا چاہیے۔ یہ نہیں کہ جب ڈراوٹ ہو گیا تب ہم اس کے متعلق سوچنے کی بات کریں۔ اسکو آپ پرمانینٹ بیسیس پر بنائیں اور وار فوٹنگ پر آپ اسکو فائٹ کریں۔

دوسری بات۔ آپ ہول سیل ٹریڈ گیہوں کا لے رہے ہیں۔ بڑی خوشی کی بات ہے۔ لیکن کچھ بھائی لوگوں کو بڑی تقلیف ہورہی ہے۔ تو ہونے دیا جائے۔ جنتا کو جس سے سکھ ہو اس سے بڑھکر خوشی کی کئی چکر لگانے پڑتے ہیں۔ لیکن پھر بھی انکو بنکوں سے کوئی آسانی نہیں ملتی ہے۔ میرا سجھاو ہے کہ ہر حلقے میں سٹیٹ بنک کی ایک ایک برانچ کھولی جائے تاکہ گرین ریولیوشن کی اور ترقی ہو اور چھوٹے کاشتکاروں کو نیشنلائزڈ بنکوں کا پورا فائدہ ملے۔

میں ایک مثال پیش کرنا چاہتا ہوں۔ بہار سرکار کو یہانسے بہت سا روپیہ دیا جاتا ہے لیکن اس میں سے کافی روپیہ سرینڈر ہو جاتا ہے۔ اسکی وجہ یہ ہے کہ وہاں پر گورنمنٹ آف انڈیا کا کوئی فنانشل کنٹرولر نہیں ہے۔ دوسرے جس کام کے لئے روپیہ دیا جاتا ہے وہ اسپر خرچ نہ کرکے دوسری طرف ڈائیورٹ کردیا جاتا ہے۔ اور نتیجہ یہ ہوتا ہے کہ جہاں امبیلینسز ہیں وہاں پر اور زیادہ امبیلینسز ہوتے جاتے ہیں۔ اس لئے آپ ایک فنانشل کنٹرولر گورنمنٹ آف انڈیا کا ہماری سٹیٹ کے لئے ضرور دیدیا جائے۔ کیونکہ وہاں ساری چیزیں ہیں، کوئلہ ہے، لوہا ہے اور ساری چیزیں ہیں۔ لیکن پھر بھی پر کیپیٹا انکم (فی کس آمدنی) دیکھتے ہیں تو ہماری گردن شرم سے جھک جاتی ہے۔ اسلئے آپ وہاں ایک فنانشل کنٹرولر رکھیں تاکہ آپکا نظم و ضبط اس پر برقرار رہے اور وہ روپیہ جو آپ دیتے ہیں۔ اسکا پورا انتظام ہو سکے۔

میں ایک بات اور کہنا چاہونگا۔ ڈراوٹ سچویشن آج ہمارے

[شری محمود جمیل الرحمان]

بات کیا ہو سکتی ہے؟ اسکے لئے اگر تھوڑے سے لوگوں کو کچھ قربانی بھی دینا پڑے تو وہ بھی دے دینگے۔

واجپئی جی کو تقلیف ہو گئی ہی۔ یہ میں جانتا ہوں۔ اسی لئے تو میں بول رہا ہوں۔ میں یہ عرض کررہا تھا کہ گیہوں کا ہول سیل ٹریڈ جو لیا گیا ہے وہ ایک بڑی اچھی پیش قدمی ہے۔ لیکن ساتھ ہی ساتھ مجھے یہ خطرہ ہے کہ کھانے والوں کو تو فائدہ ہو سکتا ہے ایکن پیدا کرنے والوں کو شاید یہ نہ ہو۔ اسلئے پیدا کرنے والوں کی حالت کو سدھارنا ہوگا۔ دوسرے آپ کو ایک سٹیبی لیٹی کرنی ہوگی - اس کے لئے آپ کو پورا انتظام کرنا ہوگا۔

اب میں اپنے ضلعے پورنیہ کی بات کرنا چاہتا ہوں۔ آپ دیکھیں گے کہ فگرز بوجود ہیں کہ یہ ضلع مشہور ہے جوٹ کے لئے۔ پاٹ کے لئے اور یہاں پاٹ کی ایک خاص کوالٹی ہوتی ہے جو پورے بھارت میں کہیں نہیں ہوتی ہے۔ وہ ایک خاص قسم کا پاٹ ہوتا ہے جس کا نام ہے سوناہنگ۔ میں آپکو یقین دلانا چاہتا ہوں کہ اس کوالٹی کا پاٹ پورے بھارت میں کہیں نہیں ہوتا ہے۔ لیکن اس کے لئے آج تک ایک جوٹ مل نہیں ہو سکی۔ آج تک اس کے کچے مال کی کھپت نہیں ہو سکی جو کہ لاکھوں روپئے کا فارن ایکسچینج لاتا ہے۔ اسکی دو ہی وجہ ہیں۔ ایک تو یہ کہ ٹرانسپورٹ فیسیلیٹیز (سہولیت) اس ضلعے کے اندر نہیں ہے اور اس میں بھی ریلوے لائن خاص طور پر نہیں ہے۔ ہمارے ریلوے کے منتری مہودیہ نے ایک پرپوزل دیا ہے کہ نرملی سے فارسگنج تک ریلوے لائن جائیگی۔ میں وزیر خزانہ سے عرض کرونگا کہ اسکو ایکٹینڈ کرکے وایہ جوکی ہاٹ اور بہادر گنج ہوتے ہوئے گلگلیا تک کردیں تاکہ ان حلقوں سے جہاں کچا مال ادھک ملتا ہے وہ آپ کی منڈیوں تک پہنچا سکیں اور آپ اس کو باہر کے ملکوں میں بھیج سکیں۔

لاسٹ بٹ ناٹ دی لیسٹ۔ میں ایک بات کہکر بیٹھ جاونگا - حالانکہ وزیر خزانہ اس سے تعلق کچھ کم رکھتے ہیں لیکن پھر بھی رکھتے تو ہیں ہی کیونکہ دیس کے وزیر ہیں۔ آپ دیکھئے کہ ٹیکس تو سارے لوگ دیتے ہیں، چھوٹے بڑے سب لوگ اور چھوٹے لوگوں سے بڑی سختی کے ساتھ ٹیکس وصول کیا جاتا ہے۔ لیکن جب دنگے فساد ہوتے ہیں تو وہی بچارے چھوٹے لوگ مارے جاتے ہیں اور بڑے لوگ جو کہ ٹیکس ایویڈر کہلاتے ہیں جنکے اوپر لاکھوں روپیے باقی ہیں جنکے آنکڑے ابھی ہمارے دوست نے دیئے ہیں، انکی تو جان بچائی

جاتی ہے اُنکی تو پورے طور سے خدمت ہوتی ہے اور چھوٹے لوگ جو ٹیکس دینے والے ہیں، دنگے فساد جہاں ہوتے ہیں وہاں ان ہی کی زیادہ موتیں ہوتی ہیں۔ کل اخباروں میں میں نے دیکھا، اتفاق کی بات ہے۔ کل ان میں علی گڑھ کے کنوینشن کی بات ہو رہی تھی۔ اُس میں ایک ڈاکٹر فریدی صاحب ہیں۔ اُنکی تو ساٹھ گانٹھ آجکل واجپئی جی سے چل رہی ہے . . . (ووڈھان) . . . اُنہوں نے بڑی خوشی سے ان فسادات میں ایک کلین چٹ اپنے دوست کو دیدی کہ صاحب اُنکا کوئی ہاتھ نہیں تھا۔ لیکن آخر لوگ اتنے بیوقوف تو نہیں ہیں۔ ویسی حالت میں ہوم منسٹری کی پوری کوشش ہونی چاہئے کہ ایسی جگہوں میں جہاں دنگے فساد ہوں اُنکی روک تھام کے لئے پورا انتظام ہونا چاہئے۔ چاہے ٹرائبل ہو، ہریجن ہو، مسلمان ہو، کوئی بھی ہو، ایک سیکولر اور ڈیموکریٹک سٹیٹ کا اصول ہے کہ اُس کی جان و مال کی حفاظت ہونی چاہئے۔

آخر میں بڑے ادب کے ساتھ ایک بات کہنا چاہتا ہوں اور وہ ہے آپ ٹیکسٹائل پالیسی کے بارے میں۔ رورل اور رینیٹیڈ ٹیکسٹائل پالیسی بنائیے۔ ٹیریلین اور ٹیریکاٹ سے ہمارا مسئلہ حل نہیں ہوگا ہمارے دیش کے اسی فیصدی لوگ گاؤں میں رہتے ہیں۔ وہ لوگ ٹیکس دیتے ہیں لیکن فائدہ ان لوگوں کو نہیں ہوتا ہے۔ اس لئے رورل اور رینیٹیڈ ٹیکسٹائل پالیسی بنائیے تاکہ غریبوں کا فائدہ ہو۔

श्री राम सहाय पांडेय (राजनंदगांव) : सभापति जी, मैं यदि इस बजट और बजट की पूर्व समीक्षा की ओर आप का ध्यान आकर्षित करू तो सहसा यह अनुभव होता है कि यह वर्ष, 1972–73 के वर्ष का स्थूल मूल्यांकन करू तो यह वर्ष अभाव का वर्ष, कमियो का वर्ष और परिस्थितियों का वर्ष रहा है। कुछ व्यवस्थाओ से हम प्रकट बधे हुए हैं, कुछ व्यवस्थाओ मे अपने आप से बधे हुए है। जो परिस्थितियां हमारे हाथ में नही है उन का भी मूल्याकन अर्थ व्यवस्था में हमे करना पड़ता है। हम ने जो भी आंकड़े तैयार किए थे, 1972-73 के सन्दर्भ मे योजना के माध्यम से जो कल्पना की थी, उस के परिणाम स्वरुप मुद्रा उपलब्धि भी हुई, 8 प्रतिशत से बढ़ कर 13 प्रतिशत तक मुद्रा उपलब्ध हुई; लेकिन यदि यह उत्पादन के साथ चलती और उत्पादन का माध्यम 5 प्रतिशत भी बन गया होता तो भावो पर यह प्रभाव नही पड़ता। मुद्रा उपलब्धि के साथ साथ उत्पादन की स्थिति बढ़ती जाय तो भावो पर प्रभाव नही पड़ेगा लेकिन पड़ा। एक तरफ मुद्रा उपलब्धि हुई 12–13 प्रतिशत तक पहुची, लेकिन दूसरी तरफ भाव बढ़े।

एक साधारण सा अर्थ व्यवस्था का सिद्धान्त है—सप्लाई और डिमान्ड का। सप्लाई और डिमान्ड एक सिम्पल इकनामिक प्रपोजीशन है लेकिन फिर भी हमारी सप्लाई के पीछे जो एक व्यवस्था है, वह हम को अन्धकार में डाल देती है और मैं आप को साधुवाद देता हूं—इसलिए कि आप ने एक ऐसा निर्णय लिया, एक ऐसा इन्कलाबी कदम उठाया है कि खाने की वस्तुओ का तमाम

[श्री राम सहाय पांडे]

होल-सेल ट्रेड (व्यापार) उत्पादन से लेकर वितरण तक का दायित्व आपने सम्भाल लिया है। मैं मानता हूं कि बड़ा कठिन काम है, लेकिन जितनी जीवनोपयोगी वस्तुयें और सामग्री है यह राष्ट्र बहुत बड़ा है, इसकी अर्थव्यवस्था बड़ी कठिन है लेकिन हम जनमो को जंगल में नहीं छोड़ सकते हैं। हमारा दायित्व सीधे सीधे बनता है कि जो जीवनोपयोगी वस्तुयें हैं उनका उत्पादन से लेकर वितरण तक का दायित्व अपने ऊपर लें। कुछ निजि क्षेत्र में उत्पादन है, उसका उत्पादन वे करें, लेकिन उसका वितरण भी

18 hrs.

आपको लेना होगा ताकि प्राफिटियरिंग, होर्डिंग और ब्लैक-मार्केटिंग पर आपका अंकुश और नियंत्रण रह सके। हम जब इस कठिन काल में अभाव के काल में, कमी के काल में गुजरते, है तो असंतोष का जन्म होता है। हम चाहते हैं जब सेल्फ जेनरेटिंग एकोनामी के केन्सेप्ट को लेकर चलते हैं तो हमारे साधन, सम्पदा, पूंजी, श्रम—यह सब कुछ विवेक के नियोजन की तुला पर रखकर कुछ इस ढंग से चलें ताकि देश को दिखा सकें कि हम इस देश की समृद्धि के मार्ग में आगे बढ़ रहे हैं। यह बजट समाजवादी हो चाहे न हो लेकिन यह कहना कि यह पूंजीवादी है या यह कहना कि साम्यवादी है या यह कहना यह समाजवादी है, मैं कहता हूं चव्हाण जी, यह बजट प्रयोगवादी है। कोई भी वाद समृद्धि की तुला पर नहीं रख सकते हैं जब तक कि कमियों के घेरे में फंसे हुए हों। समाजवाद एक कल्पना का नाम है, एक सिद्धांत का नाम है, एक दर्शन का नाम है जिसमें हम आश्वासन देते है कि हम तुम को समृद्धि-भोजन, वस्त्र, निवास, औषधि, रोगों से सुरक्षा—से वंचित रखेंगे। यह एक आश्वासन है जिसका समाजवाद नाम है। और जो साधन है उनका समान रूप से वितरण होगा। लेकिन यदि उत्पादन नहीं होगा, यदि हम साधनों का समन्वय नहीं कर सकेंगे, यदि पूंजी की वृद्धि नहीं होगी, खेत सूखे रहेंगे, खेत है लेकिन उनकी सिंचाई नहीं होगी, पानी है लेकिन उसको प्राप्त करने की व्यवस्था नहीं है, हम हरित क्रांति की बात करते हैं लेकिन 348 मिलियन एकड़ धरती पर हमारी खेती होती हैं लेकिन 210 मिलियन एकड़ पर ही सिंचाई का प्रावधान किया गया है जिसमें 77.3 मिलियन एकड़ में सीधी सिंचाई नहरों के पानी से होती है और 33.3 मिलियन एकड़ में सबस्वायल अन्डर-ग्राउन्ड वाटर से सिंचाई होती है और 200 मिलियन एकड़ में प्रावधान के होते हुए भी हम कोई प्रबंध नहीं कर सके है जिसने हमको अभाव के मार्ग में धकेल दिया है। चव्हाण साहब तमाम अनप्रोडक्टिव इन्वैस्टमेंट को पांच साल के लिए बन्द कर दें क्योंकि जैसा हम देखते हैं सबसे पहले बच्चे का जन्म होने के साथ जब आक्सीजन देते है तो एक आवाज निकलती है, वह दूध चाहता है, भोजन चाता है और अन्त में मरने के समय में उसके मुंह में गंगाजल डाला जाता है। तो यह जो प्रक्रिया हैं, जो उदरपूर्ति का सम्बन्ध है भोजन से उसके लिए आपको प्राथमिकता देनी होगी, वारफुटिंग पर देनी होगी और इसके दो पहिए हैं—खेती और सिंचाई। सिंचाई के साथ साथ पावर, उपकरण, अच्छी खाद, फर्टिलाइजर और हाइब्रिड सीड आते हैं। यदि इनका प्रबंध आप करेंगे तो आपको एपोलोजटिक होने की जरुरत नहीं पड़गी। एक बार यदि प्रकृति भी हमारे नाराज हो जाय तो भी हमारा काम चल जायेगा। हमारे पास 3600 मिलियन एकड़ फीट वाटर है। समस्त संसार में पानी का पांचवां हिस्सा हमको प्राप्त है लेकिन हम केवल 150 मिलियन एकड़ फीट का इस्तेमाल करते हैं। हम रीजनल इम्बैलेंसेज की बात करते हैं लेकिन संसार में रीजनल इम्बैलेंसेज हैं और हम भी उससे ग्रस्त हैं। संसार की धरती

का दो प्रतिशत हमारे पास है और जनसंख्या 14 प्रतिशत है लेकिन पांनी पांच प्रतिशत है। हम यदि पानी का संयोजन खेती की तरफ उन्मुख करदें, जितना पानी एश्योर्ड रेनफाल से मिलता है, वारफुटिंग पर प्राथमिकता देकर उसका प्रबंध करें तो हमें सफलता प्राप्त हो सकती है। हमारे राव साहब हर उत्तर के लिए इस प्रकार तैयार होकर आते है कि उनको याद करने की जरुरत ही नहीं, उनके मुंह से आंकड़े एसे निकलते हैं जैसे मालूम पड़ता है उसे कन्वर्ट करने की जरुरत नहीं है। इसलिये कि यह अभ्यस्त है आंकड़े देने के लिये। अन्त में क्या कहते हैं कि Unfortunately I am sorry there is no fund. फण्ड कौन जैनरेट करेगा? 100 में से 72 लोग जो गांवों में रहते हैं उन के द्वारा खेती से जैनरेट होगा। वही उसकी टर्बाइन है, वही अर्थ-व्यवस्था की कुन्जी है, वही व्हील है, पहिया है। इस प्रकार जगन्नाथ की रथ यात्रा वहां से सम्पन्न होगी, आप खेती की तरफ ध्यान दीजिए। एक बार को नाइलान, रेयान आदि जितने सौफिस्टीकेटेड प्राडक्शन्ज़ हैं वह बन्द हो जायें तो कोई नुकसान होने वाला नहीं है। आप के सामने आज चैलेंज है कि तमाम वैलफेयर की योजनाओं को पांच साल के लिये बन्द कर दें और सारे के सारे साधन गांवों की तरफ मोड़ दें। पानी, बिजली और एप्रोच रोड देंगे तो यह सब कुछ साधन सम्पन्न हो सकते हैं। गांवों की धरती सूखी है और वह प्यासी है, सारा जन समुदाय भूखा है। जिस देश की धरती प्यासी हैं उस देश की जनता कभी भी पेट भर कर भोजन प्राप्त नहीं कर सकती है। कम पानी है हमारे देश में एक राजस्थान को छोड़कर कर सारे देश में पानी है। मध्य प्रदेश में 50 इंच पानी बरसता है, छत्तीसगढ़ की धरती पर 50 इंच पानी ऊपर से बरसता है, नदी नालों का पानी बह जाता है, सूख जाता है, कोई उचित व्यवस्था न होने के कारण उस का कोई सदुपयोग नहीं हो पाता। हम सारे देश को चावल खिला सकते हैं, मालवा गेहूं खिला सकता है। महाराष्ट्र में ऊंची नीची ज़मीन हैं वहां पर श्रमशील लोग हैं, बहुत कुछ पैदा कर सकते हैं। लेकिन वहां पर 7, 8 प्रतिशत ही सिंचाई का प्रौवीज़न हो सका है। महाराष्ट्र का श्रम बेकार जाता है और पानी बेकार जाता है इसलिये कि व्यवस्थायें हमारी ठीक नहीं हो सकी हैं। इसलिये मैं चाहता हूं कि कृषि के क्षेत्र में अगर प्रायरिटीज़ फिक्स कर दें तो आप को कुछ अपोलोजैटिक होने की जरूरत नहीं है। और संज्ञा चाहे कुछ दें, हम समृद्धवाद की ओर जा रहे है, इसलिये हम समाजवाद की ओर जा रहे हैं अन्ततोगत्वा।

मैं निवेदन करना चाहताहूं कि आप ने एक अच्छा प्रयोग किया। बांगला देश एक तरफ, लड़ाई दूसरी तरफ, 14, 15 सौ करोड़ रुपये लड़ाई साधनों पर जाता है फिर भी 1971–72 में 710 करोड़ का आप का घाटे का बजट था। 1972–73 में उस को घटा कर 550 करोड़ रुपये कर दिया। 1973–74 में 377 करोड़ रुपये का रखा, और उस में 292 करोड़ रुपये टैक्सेज़ से आप ले रहे हैं 18 करोड़ डायरेक्ट टैक्सेज़ से और 274 करोड़ इनडायरेक्ट टैक्सेज़ से—इस प्रकार 85 करोड़ का घाटा रखा है। लेकिन पे कमीशन की रिपोर्ट में 150 करोड़ इस में जायेगा, और यह जो आप गल्ले का व्यापार करने जा रहे हैं, थोक व्यापार अपने हाथ में ले रहे हैं, 100, 150 करोड़ इसमें जायेगा, कुछ और राहत फण्ड में जायेगा। इसलिये इस घाटे की व्यवस्था को भी आप ने नियन्त्रित किया है, इसके लिए आपको साधुवाद है। मैं निवदन करना चाहता हूं कि 20 परसेन्ट के करीब आपके डायरेक्ट टैक्सज़ हैं। मैं समझता हूं इस अनुपात में थोड़ी सी और कमी हो सकती है। इनडायरेक्ट टैक्सेज 80 प्रतिशत तक पहुंच गया है। मैं आपको कहता हूं कि केपिटल लेवी असेस कीजिए, 10 परसेन्ट तक की उसमें गुंजाइश है। 50 से 100 करोड़ रुपये के असेट्स हैं,

[श्री राम सरण पांडेय]

आप 10 परसेन्ट लगा दीजिए बहुत रुपया आ जाएगा। अगर डायरेक्ट टैक्सेज के रास्ते बन्द हो गये हों और उत्पादन पर असर पड़ता है तो जो असेट्स 50, 100 करोड़ के हैं उन पर आप कैपिटल लेवी टैक्सेज लगा सकते हैं और रुपया ले सकते हैं। इन्डायरेक्ट टैक्स सब देते हैं, और मुद्रास्फीति के कारण भाव बढ़ते हैं, इन भावों का चैलेन्ज आपको स्वीकार करना होगा और कोई न कोई मार्ग आपको लेना होगा।

मैं एक बात और कहकर अपना स्थान ग्रहण करूंगा। आपको इस बात पर विचार करना होगा कि आपने शिक्षित नवयुवकों को आश्वाशन दिया है कि हम अपनी पन्च-वर्षीय योजना के माध्यम से पांच लाख शिक्षित तरुणों को काम देंगे। आपने बहुत अच्छा काम किया है क्योंकि यह समस्या बड़ी भयंकर है, बड़ी कठोर है। जो लोग शिक्षा पाकर कालेजों में तैयार होते हैं वह तो हैं ही, लेकिन गांवों में रहने वाले लोग जो हैं उनकी हालत यह हो गई है कि वहां के बूढ़े बैल और युवा शिक्षित शहरों की ओर भागते हैं, लेकिन उनको काम नहीं मिलता। आपने शिक्षा के लिए पांच लाख रुपयों को व्यवस्था की है। आपके मुंह में घी शक्कर। आप इसमें सफल हों। लेकिन इसके लिए आपको प्रयास करना होगा। कहीं ऐसा न हो जाए कि यह आश्वासन आश्वासन का ही रूप धारण करके न रह जाए।

एक बात और है। हमारे देश की जन-संख्या प्रति वर्ष 2·5 प्रतिशत बढ़ती है। हमारी धरती संसार की तुलना में 2 प्रतिशत है, आबादी 14 प्रतिशत है और जो जल हमको वर्षा और नदियों से प्राप्त होता हैं वह 5 प्रतिशत है। जो यहां की आबादी प्रति वर्ष सवा करोड़ बढ़ती जाती है, उसके लिए आखिर आप क्या करेंगे?

वित्त मन्त्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण): आप बतलाइये।

श्री राम सहाय पांडे : मैं व्यक्तिगत रूप से आपके लिए क्या कह सकता हूं? लेकिन स्थिति को देखकर—आपको कुछ करना होगा। यह आपकी ही चिन्ता नहीं है, इस देश की ही चिन्ता नहीं हैं, यह ऐसे बड़े देशों की चिन्ता है जिनके पास साधन कम है। हम अपने साधनों की उपलब्धि में आगे चल रहे हैं, लेकिन हम अपने साधनों का भली भांति संयोजन नहीं कर सके हैं। मैं जनसंख्या के सम्बन्ध में आपको क्या राय दूं? मैंने अपना काम बन्द कर दिया है। मैं कोई बच्चे पैदा नहीं कर रहा हूं। मेरे चार बच्चे हैं, वही अच्छे रहें, मेरे लिए यही काफी है। मैं तो इस मामले में प्रयोगवादी हूं। अगर मैं कुछ और छोटा होता, और दो ही बच्चे पैदा करने की मांग होती तो दो ही करता। आज जनसंख्या को बात पर लोगों को हंसी आती हैं, लेकिन यह बड़ा भारी प्रश्न है। यह जो हमारी रथ यात्रा है उसके पहिए को पीछे नहीं ढ़केलना चाहिए। मैंने आपको प्रयोगवादी की संज्ञा दी है। प्रयोगवादी संसार में सबसे बड़ा दूरदर्शी होता हैं। इसलिए आप इस प्रयोगवाद में सफल हों, आप हों और आप इस देश को समाजवाद की दिशा में लिए चलें।

इन शब्दों के साथ आपने जिस साहस और विश्वास के साथ बजट पेश किया है, उसको देखते हुए मैं यह समझता हूं कि हाथी अपनी चाल चलेगा।

SHRI P. GANGADEB (Angul): While I rise to speak on the budget proposals for the year 1973-74, let me first of all congratulate the hon. Finance Minister for a well thoughtout budget. The various concessions announced by him for the development of backward areas and for sponsored research and for exports and also the measures proposed for encouraging

widely held companies are no doubt in keeping with the socio-economic objective spelt out by our Government. Although there are many such praiseworthy features in the budget proposals, to my mind it appears that this budget is bound to have some inflationary effects. Therefore I wish to put forth my view points in a few words within the time available at my disposal. As the House is aware the sharp increase in price has been a matter of great concern to us all. The levies on items like textiles, aluminium and steel furnaces and the high import duty on machinery are likely to produce direct or indirect inflationary effect on the economy. Though the budget deficit has been narrowed down to Rs. 85 crores as a result of additional taxation proposals, the deficit is likely to be of the same level as of 1972-73, because Rs 200 crores of extra expenditure has to be incurred on the implementation of the Pay Commission's report. Of course, one thing is clear. If the growth of food production is well maintained, even this may not prove to be more inflationary. But it is big 'if'. One does not know how far the performance of agriculture will look up in the next rabi crop season. As we see, the draught situation in Mysore, Maharashtra, Andhra and Rajasthan is very serious and unprecedented. That itself is a pointer to us.

Then again in the industrial front, we find that despite the hopeful signs of recovery of the order of 7 per cent in 1972, the outlook does not appear to be so very good. In the recent months, production has been seriously affected by power shortage, which has given a set-back to industrial production and we are wondering how to improve it.

I quite see that to stimulate import substitution, the customs duty structure has been re-shaped in the budget. I very much agree also that there are many a socio-economic measure like the increase in the element of subsidy for investment in backward areas. Incentives have been provided for research, development and exports. But unfortunately, the budget makes only minor concessions, very minor indeed, towards generating large savings and investment. The proposed concessions in respect of savings are only in respect of provident fund and life insurance. Of course, it is a good gesture but because of price pressure, it may not necessarily raise the capacity of the people to increase the rate of savings. I would, therefore, request the Finance Minister to do something better in this regard.

This apart, the industrial expansion in recent times has suffered very much both on account of economic and administrative factors. We cannot forget that the investment in industrial sector has been remaining stagnant for a long time. The statistics speak for themselves. According to the Reserve Bank study of the larger and medium public limited companies which are about 1500 or so, the rate of growth of gross capital formation declined from 11 per cent in 1966-67 to 8.7 per cent in 1970-71. Therefore, it is evident that the climate of investment has not shown any significant improvement.

There has also been a great deal of shortage of nucleus capital in the corporate sector. It can be increased only if the taxation policies are made little more favourable for the companies to save and re-invest. I further suggest here that some more incentives be provided which will encourage plough-back of profits for expansion.

I come to another aspect, and that is the importance of expenditure discipline. If I may say so, it is in expenditure on government purchases, investments in public sector industries and construction that there is maximum scope of exercising control and discipline. We have to judge the public sector, not by the investments made

[Shri P. Gangadeb]

but by the promptness with which the project is implemented and the results achieved. Therefore, I wish to stress that the administration, whether in government or in public sector, should gear all its energies and resources towards this aspect of the problem.

Let me how come to administrative growth. The House will agree with me that we must have an administrative set up which fully responds to the challenges of the time Unfortunately, there seems a neglect of time-sense in our administration, I am sorry to say. This House is aware that the Fifth Report of the Estimates Committee had expressed grave concern at the large number of applications for industrial licences pending with the government. We are told that at the beginning of last year nearly 1,000 applications were pending for over a year. I do not know what is the position now. We all know, at the same time, that even now the situation has not improved significantly for the simple reason, let me be frank, that no government servant wants to shoulder the responsibility squarely. This position must be improved.

श्री ओंकार लाल बेरवा (कोटा) : सभापति महोदय, सदन में गणपूर्ति नहीं है।

MR. CHAIRMAN: Let the hon. Member resume his seat. The bell is being rung.....Now there is quorum. He may continue his speech.

SHRI P. GANGADEB: Let me emphasize that so long as quick administrative decisions are not forthcoming, development may fail to proceed at the pace rate we have targetted in the Fifth Plan. It is not only that justice delayed is justice denied, it is also a fact that decisions taken today determine what a country will produce tomorrow. The question arises, therefore, how far it is correct on our part to blame the bureaucrats for all acts of omissions and commissions. But let us not forget that red-tapism at the official level is the rule of the day.

There are too many Departments in my opinion and too many authorities involved in the decision-making process. Not only there is a problem of sheer lack of inter-departmental coordination what is even more surprising is the personality conflicts which become inter-departmental rivalries and, as a result, a decision taken by one Department gets torpedoed by others. This is what it is.

Further, the IAS-dominated Civil Service plays havoc with those officials who are not members of this privileged cadre or, for that matter, who do not enjoy any kind of patronage, both political or otherwise The House, I hope, will agree with me, and I am of the opinion that it is not enough to replace this out-fashioned bureaucracy by a progressive technocracy but it is even more important to devise administrative procedure, to help decisions to be taken without fear or favour.

In conclusion, let me repeat here that we stand today for establishing a democratic system in this country based on social justice. I would like to wind up by saying, let the tax burden fall on those who can really afford to bear it; let the taxation leave enough incentives for people to put hard work, save more and invest in increasing production and let the expenditure side be controlled by ensuring discipline in the administration.

I do hope my views on the Budget proposals will receive the attention of the Government.

With these words, I have done

MR. CHAIRMAN: Shri Natwarlal Patel.

श्री नटवर लाल पटेल (मेहसाना) : सभापति महोदय, ...

श्री ओंकार लाल बेरवा (कोटा) : सभापति महोदय, सदन में कोरम नहीं है।

MR. CHAIRMAN: Let the quorum bell be rung.... now there is quorum the Member may continue.

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRIMATI SUSHILA ROHATGI): On a point of order. Can one Member consider himself the conscience-keeper of the whole House and raise the question of quorum every time? Should it not be associated with decorum?

MR CHAIRMAN There is no point of order here.

SHRI K S. CHAVDA (Patna): Quorum is for decorum

श्री नरेन्द्र लाल पटेल : मान्यवर चेयरमैन महोदय, माननीय वित्त मंत्री जी ने इस सम्माननीय सदन मे जो बजट पेश किया है, मैं उस को समर्थन देने के लिए खडा हुआ हूं। आप जानते हैं माननीय वित्त मंत्री जी की स्थिति दूसरे मंत्रियो से थोडी-बहुत अलग है। अलग इस लिये है कि वह चाहें तो भी माननीय सदस्यो को खुश नही कर सकते, क्योंकि वित्त मंत्री का फर्ज मेरे ख्याल से थोडा-बहुत बिटर फर्ज है। जब बजट प्रपोजल्ज आती हैं तो उस मे कई चीजे ऐसी होती हैं, जिन के सुनने या अभ्यास करने से किसी को खुशी होती हो। जब भी कोई बजट प्रपोजल आये तो हमे इस तरीके से उन को देखना चाहिए कि अगर देश का विकास करना है या देश को आगे ले जाना है तो जो काम हम कर रहे हैं, उस के लिए वे जरूरी हैं या नही।

चेयरमैन महोदय, मैं बजट प्रपोजल्ज के बारे मे कुछ ज्यादा बातें नही करना चाहता हू, क्योकि मैं इकानोमिस्ट नही हू। लेकिन मेरी नजर मे ये बजट प्रपोजल्ज बिल्कुल सिम्पल और नार्मल है। नार्मल इस लिए है कि जब कोई बजट आता है, तो उस के एक दिन पहले से कुछ लोगो की नीद हराम हो जाती है और बजट आने के बाद दूसरे दिन भी कई लोगो को दवाई लेकर रात मे सोना पडता है। लेकिन इस बजट के आने के पहले और आने के बाद न किसी की नीद हराम हुई और न दूसरे दिन दवा लेकर सोना पड़ा। इसलिए मैं इस बजट को बिलकुल सिम्पल और नार्मल बजट मानता हू।

वित्त मंत्री जी ने जो बजट पेश किया है, उस के लिए धन्यवाद इस लिए दे रहा हू कि उन्होने अपने फर्ज को पूरा करने मे काफी हिम्मत से काम किया है। आप जानते है आज देश की परिस्थिति क्या है? आज देश के सामने जो परिस्थिति है, जो समस्याए हैं, यदि हमे उन को हल करना है, हमे तेजी से आगे बढना है, हमारे जो प्लान्ज है यदि उनको एक्सीक्यूट करना है तो उस के लिये हमे पैसे का जरुरत है, बिना पैसे के कोई काम नही हो सकता है। इस लिये बजट प्रपोजल्ज मे वित्त मंत्री जी ने लेवी के बारे मे जो प्रपोजल्ज दी हैं उन को समर्थन दे रहा हू।

लेकिन मैं एक बात की तरफ आप का ध्यान दिलाना चाहता हू—आप जानते हैं कि हमारे देश मे खेती एक सब से बडी इण्डस्ट्री है। यदि खेती की तरफ हम ज्यादा ध्यान नही देंगे तो देश की तरक्की होने वाली नही है। यदि हम आगे बढना चाहते हैं तो यह बात समझ लेनी चाहिए कि खेती की तरफ ज्यादा ध्यान देना होगा, इण्डस्ट्रीज मे ही उत्पादन को ज्यादा बढाना होगा। आप यह भी जानते है कि आज फूड ग्रेन्ज की हमारे देश में काफी शार्टेज हो गई है। जब शार्टेज हो गई है तो हमे परिस्थितियो को फेस करना होगा। इस लिये मैं आप के जरिये वित्त मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हू कि बजट प्रपोजल्ज मे जितनी रकम खेती के लिये प्रावधान की है, उस से ज्यादा करना जरुरी था, क्योकि खेती के विकास की तरफ पूरा ध्यान दिये बिना हम आगे नही बढ सकेंगे।

पिछले 25 सालो से हमारे सामने कुछ ऐसी समस्यायो चली आ रही हैं जिन से हमारी नीद हराम हो जाती है। मैं केवल गुजरात की बात नही कह रहा हूं, सारे देश में

[श्री लखन लाल पटेल]

ऐसी परिस्थिति है, कई गांव ऐसे हैं जहां पीने का पानी नहीं है। मैं अपनी कांस्टीचूएन्सी की बात करू तो मेरे क्षेत्र में ऐसे बहुत से गाव है जहां पीने का पानी भी नही है। हम ने कभी भी ऐसी कल्पना नहीं की थी कि इस तरह से पानी नहीं मिलेगा, क्योंकि पानी और हवा तो भगवान की देन है, इन की कभी कमी नही पड़ेगी, हमे पानी लेने में इतनी दिक्कत पड़ेगी, ऐसा हम ने कभी सोचा भी नही था। आज देहातो की स्थिति ऐसी है कि पीने का पानी न होने से वहा से माइग्रेशन हो रहा है, लोग अपने गांवो को छोड़कर दूसरे गावो मे जा रहे हैं, पानी की तलाश मे जा रहें है। इस लिये मैं अर्ज करना चाहता हू कि आप ने जो बजट पेश किया है—अगर सारी रकम भी पीने के पानी के लिए लगानी पडे तो आप लगा दे। सारे हिन्दुस्तान मे कोई भी गाव ऐसा नही होना चाहिए जहा पीने के पानी न हो। हमारे देश से 25 सालो के बाद भी पीने का पानी न मिले इस से ज्यादा हमारे लिये खराब बात नही हो सकती। इसलिए माननीय मंत्री जी से प्रार्थना है कि मेहरबानी कर के पीने के पानी की समस्या को हल करने के लिये जितनी रकम की जरूरत हो, इरस्पेक्टिव आफ एनी बजट प्रपोजल्ज फौरन सैंक्शन कर दें और स्टेट गवर्नमेंट्स को कह दे कि जितना भी पैसा वे मागेगी सेन्टर देगा।

आप ने जो बजट पेश किया है उस मे थोडा इन्सेन्टिव दिया है। देश मे कई इलाके ऐसे है जहा आज तक इण्डस्ट्रीज नही लगाई गई है। अगर हम गरीबो की तरक्की करना चाहते हैं तो जो बैकवर्ड ट्राइबल एरियाज हैं, जहा पर इण्डस्ट्रीज नहीं लगी हुई है, वहा पर इण्डस्ट्रीज लगानी होगी। इण्डस्ट्रीज के लगाये बिना उन की तरक्की होने वाली नहीं है। इसलिए इस बजट मे जो इन्सेन्टिव दिया गया है बैकवर्ड डिस्ट्रिक्ट्स मे इण्डस्ट्रीज लगाने के लिये बजट मे जो योजना रखी है उसके लिए मैं माननीय वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं।

दूसरी बात यह है कि आम तौर पर आज देश में सूखे की परिस्थिति है लेकिन यह परिस्थिति मैन क्रिएटेड नहीं है। बारिश न आये यह न हमने कहा था और न वित्त मंत्री जी ने कहा था कि मत आइये। बारिश का आना या न आना कुदरत की बात है। पिछले सालो का हमारा ऐसा अनुभव रहा है कि हर साल दो तीन राज्यो मे सूखे की परिस्थिति पैदा होती है लेकिन इस साल की परिस्थिति ऐसी है हमारी कमनसीबी या बदनसीबी कि सारे देश मे सूखा नजर आता है। परन्तु इस सूखे की परिस्थिति का हम हिम्मत के साथ सामना करना चाहते है। अपोजीशन मे बैठने वाले माननीय सदस्यो से मैं प्रार्थना करना चाहता हू कि अगर किसी के दर्द हो तो चिल्लाने से उसका दर्द जाता नही है। अगर घर मे कोई बीमार पड जाये और बाहर निकल कर आप चिल्लाने लगे कि लडके को बुखार आ गया है तो क्या उससे उसका बुखार चला जायेगा ? नही। उसके लिए आपको दवाई करानी पडेगी। इसलिए मैं आप से कहता हू यदि आपके पास इस सूखे की कोई दवाई है तो सामने आ जाइये और बताइये कि इसको लगाने से दर्द चला जायेगा। अपोजीशन मे जो बैठते है मेरे खयाल से अच्छे डाक्टर है, वे बीमारी का निदान कर सकते है, अच्छा निदान कर सकते हैं लेकिन उनके पास उसकी कोई दवाई नही है। इसलिए मेरे खयाल से जो डाक्टर निदान कर सकता है वह डाक्टर तो हो सकता है लेकिन अगर उसके पास दवाई नही है उस दर्द को दूर करने के लिए तो वह सक्सेसफुल नही हो सकता है। अपोजीशन मे बैठने वाले चिल्लाते हैं कि सूखा हैं, पीने का पानी नही है, फूडग्रेन्स नही है, तमाम दिक्कतें है लेकिन इन दिक्कतो को दूर करने के लिए आपके पास योजना क्या है वह बतायें ? आपके पास कोई योजना नहीं है।

एक दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि बाहर से जो इम्पोर्ट्स होते हैं उस पर वित्त मंत्री जी ने कस्टम ड्यूटी ज्यादा लगाई है। मैं उनसे प्रार्थना करना चाहता हू कि हमारा एक डेवलपिंग कन्ट्री । जब इंडीजीनस चीजें यहां नहीं मिलती हैं तभी बाहर से इम्पोर्ट करना पडता है। ऐसी स्थिति मे इम्पोर्टस पर ज्यादा कस्टम ड्यूटी लगाने से तैयार माल काफी महगा हो जायेगा और नयी नयी जो डेवलपिंग इंडस्ट्रीज हैं उनको ज्यादा दिक्कत होगी। इस लिए इस सम्बन्ध में यदि माननीय वित्त मंत्री जी विचार करेंगे तो मैं समझता हू डेवलपिंग इंडस्ट्रीज को ज्यादा फायदा होने वाला है।

एक बात मैं खेती के बारे मे भी कहना चाहूगा। आपने गेहू का सारा बिजनेस टेकओवर कर लिया है। ठीक है, हमारी ऐसी पालिसी है कि सभी मे इक्वीटेबिल डिस्ट्रिब्यूशन होना चाहिए लेकिन टेकओवर का डिसीजन लेने के बाद आप किसान के गेहू 73, 74 या 75 रुपये क्वीटल मे प्राप्त करना चाहते हैं। यदि आप साइंटिफिक तरीके से विचार करे तो देखेंगे कि इस समय गेहू के प्रिवेलिंग रेट्स 150 रु० क्वीटल या उससे भी ज्यादा हैं और ऐसी स्थिति मे यदि आप किसानो से 74 या 75 रुपये क्वीटल गेहू प्राप्त करना चाहेंगे तो उसकी प्राप्ति मे गवर्नमेन्ट के सामने बडी मुश्किल आयेगी। यदि आप दबाव से वसूल करना चाहेंगे तो किसान दूसरे साल से गेहू बोयेंगे नहीं बल्कि वे कामर्शियल क्राप्स बोना आरम्भ कर देंगे। इसलिए मेरी प्रार्थना है यदि आप गेहूं की लेवी लगाना चाहते हैं तो उसका दाम डी रुपये प्रति क्वीटल से कम नहीं होना चाहिए। यदि इससे कम दाम आप रखेंगे तो मैं ऐसा महसूस करता हू कि उसकी प्राप्ति मे सरकार को मुश्किल आयेगी।

18.39 hrs.

[Shri S A Kader in the Chairs]

गेहू का भाव तय करते समय गवर्नमेन्ट को देखना चाहिए कि गेहू का प्रोडक्शन क्या है, उसकी कास्ट प्राइस क्या है। इन सारी बातों को कसीडर करना चाहिए। जब सरकार टेक्सटाइल की कीमत निश्चित करती है तो यह देखती है कि रुई का भाव क्या है, मजदूरी क्या है उसी तरह से गेहू के बारे मे भी सारी चीजो को कसीडर करना चाहिए।

मैं आप से बता रहा हू कि जो लोग पंजाब मे गेहू पैदा करते है वह तो नहर के पानी से होता है, लेकिन गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र मे ट्यूब वैल से पैदा होता है। तो दोनो की कौस्ट प्राइस एक नही हो सकती है। इस से किसान को नुकसान होगा और वह साइंटिफिक तरीका नही होगा। इसलिए जब भाव तय करे तो कास्ट आफ़ प्रोडक्शन भी कसीडर करनी चाहिए।

बजट के बारे मे और कोई ज्यादा बात नही करना चाहता हू। अन्त मे वित्त मंत्री को बधाई देता हू और वह इसलिए कि मुश्किल के समय मे भी जो बजट उन्होने पेश किया है वह बडी हिम्मत के साथ पेश किया है। और बजट ऐसा है कि उस से कोई हैवक भी नही हुआ है तथा हमारा परपज भी सर्व हो जायेगा। इसलिए मैं वित्त मंत्री जी को बधाई देता हू।

श्री अचल सिंह (आगरा) मान्यवर, जो बजट हमारे सामने पेश किया गया है मैं उसका समर्थन करता हू। देश को आजाद हुए 25 वर्ष हो गए हैं तब से हमारे देश पर विपत्तियां आती रही है। पार्टीशन हुआ कश्मीर की लडाई हुई, उस के बाद चाइना ने हमला किया, उस के बाद पाकिस्तान से हमला किया और अभी हाल में फिर पाकिस्तान ने हमला किया और करीब एक करोड शरणार्थी भारत में आये, उन को एक साल तक रखा, उन के खाने पीने का इंतजाम किया, और अब भी 90,000 युद्ध बन्दी हमारे यहां है।

[श्री अंचल सिंह]

ये तमाम परेशानियां हैं जिन की वजह से हमारी आर्थिक व्यवस्था ठीक नहीं रही। ऐसी अवस्था में अगर कोई टैक्स बढ़ाये जाते हैं तो मैं समझता हूं कि वह आवश्यक हैं। लेकिन मैं यह देखता हूं कि जो हमारी योजना है वह पूरी नहीं होती। खासतौर से हमारे विकास के लिए गल्ले की पैदावार, उद्योगों का विकास और फैलाव तथा खनिज पदार्थों का निकालना आवश्यक है।

हमारा देश कृषि प्रधान है, 80 फीसदी लोग खेती में काम करते हैं और उस के वास्ते पानी, खाद, अच्छा बीज और मेहनत की जरुरत है। लेकिन दुर्भाग्य से इस बार चार प्रदेशों में सूखा पड़ा हुआ है और जो योजना हमारे यहां चल रही हैं वह बहुत धीमी चल रही है। खासतौर से मैं अनुभव कर रहा हूं 20 वर्ष से इस सदन में देख रहा हूं, जब भी मैंने कहा कि आगरे को पानी नहीं मिल रहा है, जो कि राजस्थान के बार्डर पर है पश्चिमी आगरा, उस को पानी, मिलना चाहिए। मुझे बताया गया कि रामगंगा डैम बना रहे है। वह 1952 से बन रहा है लेकिन अभी तक पूरा नहीं हुआ है। अगर रामगंगा डैम बन जाता तो आगरा जिले को, गुड़गांव को राजस्थान को पानी मिलता। लेकिन वह आज तक नहीं मिल रहा हैं। और जो पानी पहले से मिलता था उतना ही पानी आज भी मिल रहा है, उस में कोई वृद्धि नहीं हुई है। इसलिए मेरा आगृह है कि रामगंगा योजना जल्दी पूरी होनी चाहिए। क्योंकि अन्न के वास्ते पानी और बिजली की बहुत जरूरत है। बिजली की कमी के कारण बहुत से ट्यूब वैल बन्द हो गए ह। खुशकिस्मती से वर्षा अच्छी हो गयी इसलिए गेहूं की फसल ब त अच्छी है और उस से काफी राहत हम को मिलेगी। आज कल बिजली की कमी बहुत महसूस हो रही हैं। इस से खेती और उद्योगों के अन्दर बहुत कमी होती हैं। इस लिए मैं चाहता हूं कि देश में बिजली पैदा की जाये क्योंकि आज कल बिजली से बहुत से काम चलते हैं इस से हमारी इंडस्ट्रीज को बहुत नुकसान हो रहा है। अभी हाल में उत्तर प्रदेश में बिजली विभाग में काम करने वालों का स्ट्राइक हुआ था जिस की वजह से कई करोड़ रुपयों का नुकसान इंडस्ट्री में हुआ इसलिए मैं चाहूंगा कि बिजली की आवयश्कता की पूर्ति की जाये।

मैं यह महसूस करता हूं कि हमारे देश मे आये दिन हड़तालें होती हैं और घेराव होते हैं। यह स्टेट्स मे भी होता है और सेंटर में भी होता है। इस की वजह से आगजनी होती हैं। और स्टेट की प्रापर्टी को बरबाद किया जाता है और काफी नुक्सान होता है। हमने देखा कि हाल में आंध्र में क्या हुआ, पंजाब में क्या हुआ, असम में क्या हुआ। इसी तरीके से और प्रान्तों में स्ट्राइक हुए हैं और आगजनी और लूटमार हुई है तथा दूसरी गड़बड़ियां हुई हैं। जो बहुत से हमारे राजनीतिक दल हैं वे भी इस मामले में उनकी उकसाते हैं। बजाय इस के कि इस प्रवृत्ति को दबाने में सहयोग दें, वह उनको उकसाते हैं। मैं चाहूंगा कि इस प्रकार की बातों को राष्ट्रद्रोह घोषित किया जाये। जो भी राष्ट्रीय सम्पत्ति को खराब करता है उस के वास्ते कोई खास कानून बनना चाहिए। जिससे जो व्यक्ति या जो समाज अथवा समाज के लोग राष्ट्रीय सम्पत्ति को क्षति पहुंचायें उनके ऊपर टैक्स लगाया जाये। हम ने पिछले जमाने में देखा हैं कि जहां भी कोई राष्ट्रीय अपराध होता था वहां पर प्यूनिटिव टैक्स लगाया जाता था और उसको वहां के लोगों से वसूल किया जाता था। मैं चाहूंगा कि इस तरफ ध्यान दिया जाये ताकि लोगों को डर हो और वह राष्ट्रीय सम्पत्ति को नष्ट न करें।

मैं यह भी अनुभव करता हूं कि जो भी हमारी प्लैन्स बनती हैं वह बहुत अच्छी बनती हैं, केन्द्र में प्लैन बनाई जाती हैं, लेकिन जब वह स्टेट्स को भेजी जाती हैं तो उन का ठीक तरह से उपयोग नहीं होता। साथ ही साथ

जो हमारी ब्यूरोक्रेसी, अफसरशाही, होती है वह इस काम को पूरा नहीं करना चाहती। इस कारण हमारा पैसा बरबाद होता है और जनता को भी तकलीफ होती है। मैं चाहूंगा कि जो भी प्लैन्स बनाई जायें उन को ठीक ढंग से काम में लाया जाये क्योंकि सभी जगहों पर गड़बड़ियां चल रही हैं। हर काम में रिश्वत का बाजार गर्म रहता है और दूसरी बातें भी होती हैं जिन के कारण हमारी प्लैन्स सफल नहीं होती हैं।

अभी सरकार ने गेहूं के होलसेल ट्रेड को अपने हाथ में लिया है यह बहुत अच्छा किया है। लेकिन इस को ठीक से कार्यान्वित होना चाहिए ताकि यह उपभोक्ता को ठीक भाव पर मिल सकें। आजकल जो हमारी राशन की या फेयर प्राइस शाप्स हैं उन में अक्सर चीजें उपलब्ध नहीं होती हैं और दूसरी गड़बड़ियां होती हैं? इस के साथ साथ जो फूडग्रेंस के रिटेलर्स हैं उन को भी काम में लगाया जाये ताकि उन की भी जीविका चले और सारी स्कीम ठीक से सफल हो सके।

आज हम देखते हैं कि हमारी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी है, इसलिए कि विदेशों में मुद्राओं का मूल्य गिर रहा है। खास तौर से डालर की कीमत तो बहुत गिर गई है। उस का खास कारण यह है कि उस का 10 पर्सेंट अवमूल्यन हो गया है और आगे और भी गिरने की उम्मीद है। उस का खास कारण है कि वियतनाम की लड़ाई के कारण उस का काफी खर्च हुआ है। जापान और वेस्ट जर्मनी की मुद्रा स्थिति बहुत अच्छी है। मैं चाहूंगा कि जैसे जापान और वेस्ट जर्मनी वाले अपने यहां काम करते हैं उसी तरीके से हम लोग भी अपने यहां काम करें और सरकार को पूरा सहयोग दें। हम ऐसा करेंगे तो यह देश के लिए अच्छा साबित हो सकता है।

इस के अलावा मैं चाहूंगा कि जो इनकम टैक्स में छूट की लिमिट 6,000 रु० रखी गई है उस को 7,500 रु० कर दिया जाये क्योंकि आज कल रुपए की वैल्यू बहुत कम हो गई है। मामूली से मामूली आदमी भी पांच सात हजार रुपया पैदा कर लेता है। मैं चाहता हूं कि उन पर इनकम टैक्स नहीं लगे।

आपने कपड़े पर कंट्रोल लगाया है। कंट्रोल का कपड़ा बेचने की आपने व्यवस्था की है। यह करोड़ों रुपए का शहरों में पहुंचता है लेकिन लोगों को कंट्रोल रेट पर नहीं मिला है। उसका भी ब्लैक हो रहा है। इस ओर भी आपका ध्यान जाना चाहिए।

अनएकाउंटिड मनी या ब्लैक मनी भी बहुत चल रहा है। कई हजार करोड़ रुपया यह होगा। इससे काफी परेशानी भी हो रही है। आपको कोई तरीका निकालना चाहिए ताकि यह बाहर आ सके और सर्कुलेशन में आ सके। जिन के पास यह धन है उन से कहा जाए कि वे अगर गवर्नमेंट की सिक्योरिटीज में या शेयरों में इसको लगाते हैं तो इसका कुछ परसेंटेज वे अपने पास रख भी सकते हैं। इस से इसको बाहर लाने में आपको मदद मिलेगी। वे इसको जब काम में लगायेंगे और यह व्हाइट मनी हो जायेगा तो आपको इस पर टैक्स भी मिलेगा और बेरोजगारी भी इस से कुछ कम होगी।

यह खुशी की बात है कि लंदन के एक पेपर ने हमारे प्रधान मंत्री के बारे में बहुत ही अच्छा लिखा है उसने कहा कि यह संसार की सबसे वरिष्ठ महिला है और उनकी उसने बड़ी तारीफ की है। उसने उनको विमुर्ति की संज्ञा दी है और उनको ब्रह्मा यानी क्रियेटर आफ न्यू इंडिया, विष्णु यानी प्रिजर्वर आफ डेमोक्रेसी और शिव यानी डैस्ट्रायर आफ पाकिस्तान का रूप बताया है। संसार में हमारी प्रधान मंत्री की प्रतिष्ठा बहुत बड़ी

[श्री अचल सिंह]

है। वह हमेशा कहती हैं कि हमारे विरोधी दल वाले हमारे काम में बाधा डालते हैं और राष्ट्र का नुकसान करते हैं। अगर वे सहयोग दें तो लोगों को राहत मिल सकती है, लोगों का भला हो सकता है। मैं कहूंगा कि गरीबी और बेकारी खत्म करना कोई बच्चों का खेल नहीं है, एक दिन या एक साल में ऐसा नहीं हो सकता है। 56 करोड़ आदमियों का यह देश है। उनकी बहबूदी के लिये काम करना कोई मामूली बात नहीं है, वे खुशहाल हों ऐसा करना कोई मामूली बात नहीं है। उस ओर हम चल पड़े हैं। बेकारी दूर करने के लिए हमने कई प्रोग्राम शुरू किए हैं, क्रैश प्रोग्राम है, और दूसरी तमाम बातें हैं। हम चाहते हैं कि इन कामों में विरोधी दल वाले हमें सहयोग दें ताकि हम राष्ट्र का हित कर सकें। जब हड़तालें वगैरह की जाती हैं तो राष्ट्र का नुकसान होता है। आंध्र में करोड़ रुपयों की राष्ट्रीय सम्पत्ति नष्ट हुई है इस एजीटेशन में। इसका असर न केवल वहां पर बल्कि तमाम देश पर बुरा पड़ा है और हमारी प्राजैक्टस पर भी पड़ता है मैं चाहता हूं कि राजनीतिक पार्टिया हमें सहयोग प्रदान करें ताकि राष्ट्र की उन्नति हम कर सकते और जनता को सुखी बना सकें।

इन शब्दों के साथ में आपको धन्यवाद देता हूं और इस बजट को पेश करने के लिए वित्त मंत्री जी को बधाई देता हूं और उनका समर्थन करता हूं।

SHRI VASANT SATHE (Akola): Sir, let me begin by congratulating you on this the first day, we are having the pleasure of having you in the Chair. Let me at the outset also congratulate the Finance Minister on his fine performance of the balancing act of walking on a tight rope. Although he has not been able to balance the budget, he has succeeded in presenting one of the best social welfare budgets of recent times.

Budgetting with taxation is essentially a feature of the capitalist economy and, therefore, we cannot by any stretch of imagination, call this a socialist budget because that will be a contradiction in terms. Let us, therefore, objectively analyse the task which he set before himself and to what extent it has been achieved. These are set down in paras 2, 11, 12 and 100 in his speech where he has laid down the directions. I must thank him for the small mercy shown. He has taxed tobacco, but left liquor untouched. That is a small mercy. Probably the Finance Minister wants to discourage minor vices. This is his third budgetary child, and I hope he does not take to family planning hereafter as far as the budget is concerned.

But let us consider whether during his tenure he has achieved the task set before the nation. I will take them in three parts: concentration of wealth and economic power, regional imbalances and unemployment. To what extent have our budgets helped to reduce the gap between the rich and the poor? Part I of the report of the Committee on distribution of income and the level of living, known as the Mahalanobis Report, states: "While moving in the Lok Sabha on the 22nd August, 1960 that the draft outline of the third Five Year Plan be considered, the Prime Minister referred to the increase in national income during the first and the second plan periods, and stated that it would be desirable for an expert committee to enquire how this additional income has been spread in the country. The Minister mentioned again, it is said, that the national income over the first and second Plans has gone up by 42 per cent and the per capita income by 20 per cent. Now, a legitimate query is made, where has this gone." This was in 1960. We are still asking this question.

The Economic Survey that was presented to us gives on page 1 that "although the national income rose from Rs. 13,200 crores in 1960-61, on 1960-61 prices, it increased to Rs. 19,200 crores in 1972, that is, by 45 per cent, whereas the per capita income increased from Rs. 308 in 1961-62 to

Rs. 348 in 1972 that is, hardly a rise of 13 per cent." Now, even if we make allowance for the growth of population by 10 crores, that would add another three per cent. Make it 16 per cent. Yet where has this 29 per cent gone? That is the question. The national income of 29 per cent—where has this disappeared in this country? It is not reflected in the per capita income, and the answer is simple. The answer is those Rs. 7,000 crores of black money. Dig up and you will know. As Pandit Jawaharlal Nehru said, if we know the answer to this legitimate query, to some extent you can see where it has gone.

Therefore, we have to ask the same question prevailing even after 12 years. The graph given in the Economic Survey, as I have shown, shows this gap.

Then, look at it from another angle. The assets of only eight houses during the three years from 1966-67 to 1969-70 increased from Rs 1,597.49 crores to Rs 2,085 2 crores and by a further 10 per cent per year as recently stated by the Minister in the other House. According to the Reserve Bank of India's annual study, hardly 209 enterprises doubled their retained or take-home profits from Rs. 45 crores to Rs. 97 crores in two years between 1968-69 and 1970-71. After the nationalisation of the bank and the LIC,

19 hrs.

according to an official survey, while the capital raised in the private corporate sector in 1968-69 was Rs. 96 4 crores, it went down to Rs. 86 7 crores in 1970-71 and Rs. 77.7 crores in 1971-72 during the regime of our Finance Minister. During the same period the public financing institutions increased their lending to this sector from Rs. 86 crores to Rs. 162 crores, nearly doubled. The dominant position, the stranglehold of the private sector continues inspite of all tall-talk of acquiring commanding heights. Even now 86.4 per cent of the net production is in the private sector

MR. CHAIRMAN: You can continue tomorrow.

19.01 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Wednesday, March 14, 1973/Phalguna 23, 1894 (Saka).

MGIPND—Job I—3797 LS—JC 5925—12-5-73—1010.